400. **मोरीजा-बानोल खनन क्षेत्र निम्नलिखित में से किस खनिज के लिए प्रसिद्ध है?**

(a) कैडमियम (b) लौह
(c) अभ्रक (d) चांदी

**RPSC Prayogshala Sahayak (Vigyan) 28-06-2022**

**Ans. (b) :** मोरीजा-बानोल खनन क्षेत्र 'लौह उत्पादन' के लिए प्रसिद्ध हैं, जो राजस्थान राज्य के जयपुर में स्थित है। राज्य में लोहे की अन्य प्रसिद्ध खाने हैं-नाथरा की पाल (उदयपुर), नीम का थाना (सीकर) व डाबला-सिघांना (झुंझुनू) इत्यादि।

401. **थार्नवेट के वर्गीकरण के अनुसार निम्नलिखित में से किस जलवायु वर्ग में जैसलमेर अवस्थित है?**

(a) EA'd (b) CA'w
(c) Da'w (d) DB'w

**RPSC Prayogshala Sahayak (Vigyan) 28-06-2022**

**Ans. (a) :** थार्नवेट ने राजस्थान को चार जलवायु प्रदेशों में विभाजित किया है, जो निम्न हैं-

| | | |
|---|---|---|
| (i) CA'w जलवायु प्रदेश | – | उदयपुर, बांसवाड़ा, डूंगरपुर, कोटा, झालवाड़ |
| (ii) DA'w जलवायु प्रदेश | – | सिरोही, पाली, जालौर, अजमेर, चित्तौड़गढ़ |
| (iii) DB'w जलवायु प्रदेश | – | श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, चुरू, बीकानेर |
| (iv) EA'd जलवायु प्रदेश | – | जैसलमेर, बाड़मेर, जोधपुर, दक्षिणी-पश्चिमी बीकानेर |

402. **वर्षाजल संग्रहण करने वाला रानीसर टाँका कहाँ स्थित है?**

(a) जैसलमेर (b) जोधपुर
(c) बाड़मेर (d) बीकानेर

**RPSC Prayogshala Sahayak (Vigyan) 28-06-2022**

**Ans. (b) :** जोधपुर दुर्ग के निर्माण के साथ ही जल संग्रह हेतु बगल में ही तालाब का निर्माण राव जोधा की पत्नी महारानी 'रानी हाडी जसमादे' ने कराया था,जिसे इन्हीं के नाम पर रानीसर का तालाब पड़ा। रानीसर तालाब के पास ही एक और तालाब पदमसर तालाब है।

403. **जैसलमेर जिले में पालीवल ब्राह्मणों द्वारा शुरू की गई परम्परागत जल संरक्षण की विधि कहलाती है-**

(a) टांका (b) खड़ीन
(c) जोहड़ (d) कुंडी

**RPSC Prayogshala Sahayak (Vigyan) 28-06-2022**

**Ans. (b) :** 15 वीं सदी में राजस्थान के रेगिस्तानी एवं पहाड़ी क्षेत्र के जैसलमेर में पालीवाल ब्राह्मणों द्वारा परम्परागत जल संरक्षण की जो पद्धति विकसित की गयी वह 'खड़ीन' कहलाती है।

404. **माउंट आबू के आसपास, जहाँ वर्षा 150 से.मी. से अधिक है, वन पाए जाते हैं-**

(a) अर्द्ध उष्ण सदाबहार वन
(b) उष्णकटिबंधीय शुष्क पतझड़ वन
(c) उष्णकटिबंधीय काँटेदार वन
(d) मिश्रित पतझड़ वन

**RPSC-2022**

**Ans. (a) :** माउंट आबू में राजस्थान की सर्वाधिक औसत वर्षा अंकित की जाती है (150 सेमी.) अधिक बारिश होने के कारण यहाँ अर्द्ध उष्ण सदाबहार वन पाये जाते है। राजस्थान में सर्वाधिक वर्षा प्राप्त करने वाला जिला झालावाड़ तथा न्यूनतम वर्षा प्राप्त करने वाला जिला जैसलमेर है।

405. **कोपेन के जलवायु वर्गीकरण के अनुसार राजस्थान के किस प्रदेश में Aw प्रकार की जलवायु पाई जाती है?**

(a) दक्षिणतम प्रदेश (b) उत्तर-पूर्वी प्रदेश
(c) पश्चिमी प्रदेश (d) उत्तरतम प्रदेश

**RPSC ST-81 G.K. & Horticulture 28-10-2018**

**Ans. (a) :** कोपेन के अनुसार राजस्थान को 4 जलवायु प्रदेश में वर्गीकृत किया गया है– Aw, Bshw, Bwhw, Cwg।
Aw प्रकार की जलवायु राजस्थान के दक्षिणतम् प्रदेश में पाई जाती है। इसमें डूंगरपुर, बांसवाड़ा, चित्तौड़गढ़ और झालावाड़ के क्षेत्र शामिल है। यह उष्ण कटिबंधीय नम क्षेत्र है।

406. **राजस्थान की जलवायु के बारे में निम्नलिखित कथनों को पढ़िए तथा सही कूट चुनिए–**

**(i) पूर्व से पश्चिम की ओर एंव दक्षिण से उत्तर की ओर वर्षा की मात्रा घटती जाती है।**

**(ii) रेत की अधिकता के कारण दैनिक व वार्षिक तापान्तर अधिक पाया जाता है।**

**(iii) ग्रीष्म ऋतु में उच्च दैनिक तापमान 49ºC तक पहुंच जाता है।**

**कूट–**

(a) (i) तथा (ii) सत्य है
(b) (i) तथा (iii) सत्य है
(c) (ii) तथा (iii) सत्य है
(d) (i) , (ii) तथा (iii) सत्य है

**वन रक्षक-2020 दिनांक 12-11-2022 Shift-I**

**Ans. (d) :** राजस्थान में अधिकांश वर्षा दक्षिणी एवं पूर्वी राजस्थान के क्षेत्रों में होती है। तथा पूर्व से पश्चिम की ओर एवं दक्षिण से उत्तर की ओर जाने पर वर्षा कम होती जाती है। रेत की अधिकता के कारण राजस्थान में दैनिक व वार्षिक तापान्तर अधिक पाया जाता है। राज्य में दैनिक तापमान लगभग 36ºC रहता है परन्तु गर्मियों में उच्च दैनिक तापमान 49ºC तक पहुंच जाता है।

407. **कौनसा युग्म सही सुमेलित नहीं है?**

(a) Aw– सीकर, चूरू
(b) Bshw– बाड़मेर, जालौर
(c) Bwhw– जैसलमेर, पश्चिम बीकानेर
(d) Cwg– अरावली के दक्षिण–पूर्वी क्षेत्र

**कनिष्ठ अभियंता -2020**

**वन रक्षक-2020 दिनांक 12-11-2022 Shift-I**

**Ans. (a) :** उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

408. **राजस्थान में शीतकालीन वर्षा उन चक्रवातों के परिणाम स्वरूप होती है, जो ......... में उत्पन्न होते हैं।**

(a) काला सागर (b) लाल सागर
(c) अरब सागर (d) भूमध्य सागर

**RPSC Van Rakshak Exam 11.12.2022 Shift-I**